अधिकारी मौजूद थे।

# तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संगम विवि और राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के बीच एमओयू

**भीलवाड़ा।** संगम विश्वविधालय तथा राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज भीलवाड़ा के बीच तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो राजीव मेहता तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल विनोद वर्मा के बीच समझोता पर हस्ताक्षर हुए। संगम विश्वविधालय के कुलपति प्रो करुणेश सक्सेना ने बताया कि समझोता के बाद दोनो शिक्षण संस्थाएं आपस में संसाधन उपयोग, प्रेक्टिकल, लेबोरेट्री,उपकरण का उपयोग आदि संशधानो का उपयोग आपस में कर सकते है!स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो विनेश अग्रवाल ने बताया की एमओयू के बाद फैकल्टी तथा छात्र भी आपस में आदान प्रदान हो कर तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दे सकेंगे। समझोता के अवसर पर डीन रिसर्च प्रो राकेश भंडारी,डिप्टी डीन इंजीनियरिंग प्रो अर्चना अग्रवाल,असिस्टेंट डीन डा विकास सोमानी, डिप्टी रजिस्ट्रार बीएल पारीक,डिप्टी रजिस्ट्रार वि म यादव,मार्केटिंग हेड अमित जैन,तथा अन्य विभागों के डीन ,हेड आदि उपस्थित थे।